www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल
रोजगार सेवक पर गरीबों के साथ पक्षपात का आरोप 04

वर्ष :08 | अंक :339 | मुंबई , शनिवार , 31 मई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

# किसी धोखे में ना रहे पाकिस्तान, अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर :कानपुर में बोले प्रधानमंत्री मोदी

**परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास**

मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।

## बहनों-बेटियों का आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर में दिखा




एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि यह विकास कार्यक्रम 24 अप्रैल को होना था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी ने भी अपनी जान गंवा दी। बेटी ऐशान्या का दर्द और गुस्सा हम सबने महसूस किया है। हमारी बेटियों का दर्द और गुस्सा दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में देखा ।मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है।

### शुभम के पिता के कंधे पर हाथ रखकर पीएम मोदी ने दी सांत्वना; परिवार की आंखों में छलके आंसू, ऑपरेशन सिंदूर के लिए कहा थैंक्यू



कानपुर : पीएम मोदी ने शुक्रवार को कानपुर दौरे पर थे. चकेरी एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले . पीएम मोदी को देखकर परिवार के लोगों की आंखों में आंसू आ गए . यह देखकर पीएम मोदी भी भावुक हो गए .

# केंद्र की विदेश नीति नाकाम:कांग्रेस

## किसी भी देश ने पाकिस्तान को आतंकी मुल्क नहीं माना; रूस ने भी पाक से एमओयू साइन किए

पीएम मोदी बोले- कोई सबूत न मांगे, इसलिए ऑपरेशन का वीडियो रिकॉर्ड किया कांग्रेस के आरोपों के बीच गुजरात की एक रैली में पीएम मोदी ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर का कोई सबूत न मांगे, इसलिए कैमरे पर रिकॉर्ड किया। जिन आतंकियों को मारा गया, उन्हें पाकिस्तान में सैन्य सम्मान दिए गए, जो दिखाता है कि पाकिस्तान सीधे इसमें शामिल था।



एजेंसी

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम बताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की फेल डिप्लोमैसी और कमजोर विदेश नीति की वजह से भारत की छवि को नुकसान हुआ ।उन्होंने कहा कि कोई देश पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कह रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किसी ने भी आपके समर्थन में बयान नहीं दिया। यहां तक कि रूस ने भी पाकिस्तान के साथ पुरानी स्टील मिल दोबारा शुरू करने के लिए एमओयू किया है। अब इससे पाकिस्तान को रूस से 2.6 अरब डॉलर (21,660 करोड़ रुपए) मिलेंगे। कांग्रेस नेता थरूर बोले- हमने सेल्फ डिफेंस में कार्रवाई की ऑल-पार्टी डेलीगेशन में कोलंबिया गए

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, कोलंबिया ने जो पाकिस्तान में मारे गए लोगों के लिए संवेदना जताई, वह दुखद है। हमलावर और आत्मरक्षा करने वालों को एक बराबर नहीं कहा जा सकता। भारत ने 22 अप्रैल के पाहलगाम आतंकी हमले के बाद आत्मरक्षा में कार्रवाई की।

इस दौरान थरूर ने पाकिस्तान का आतंकियों को समर्थन देने का सबूत दिखाया। इसमें पाकिस्तानी अफसर आतंकी के जनाजे में शामिल दिखे। थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान और ढडङ में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

डेलिगेशन में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी केंद्र सरकार ने 17 मई को दुनिया भर में जाने वाले 7 डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए थे। इसमें कांग्रेस से एकमात्र सांसद शशि थरूर का नाम था। तब कांग्रेस ने कहा था कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था ।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पर लिखा, 'शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे।'

थरूर ने कहा था- सम्मानित महसूस कर रहा हूं दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने पर लिखा, 'मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।'

# अंकिता भंडारी हत्याकांड: पुलकित आर्या समेत तीनों दोषियों को आजीवन कठोर कारावास

## परिवार को 4 लाख का मुआवजा

पुलकित आर्या, अंकित और सौरभ भास्कर ने की थी अंकिता भंडारी की हत्या. पौड़ी गढ़वाल की कोटद्वार एडीजे कोर्ट ने तीनों को सुनाई सजा.




एजेंसी

पौड़ी गढ़वाल: बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय का इंतजार कर रहे करोड़ों लोगों के लिए बड़ी खबर सामने आई है. कोटद्वार की अऊख (अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) रीना नेगी की अदालत ने आज तीनों आरोपियों पुलकित आर्या, अंकित गुप्ता और सौरभ भास्कर को दोषी करार दिया है. दोनों को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने उन्हें सजा भी सुना दी है.अंकिता की हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास: अंकिता भंडारी हत्याकांड में मुख्य दोषी पुलकित आर्या को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई गई. सह-आरोपी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी आजीवन कारावास की सजा के साथ जुमार्ना लगाया गया. पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश कोर्ट ने दिया है. कोर्ट ने सुनाई ये सजा: अंकिता भंडारी मर्डर केस में माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटद्वार रीना नेगी द्वारा- अभियुक्त पुलकित आर्य को धारा 302 आईपीसी में कठोर आजीवन कारावास व 50,000 जुर्माना, धारा 201 आईपीसी में 5 वर्ष कठोर कारावास व 10,000 रुपए जुमार्ना, धारा 354क आईपीसी में 2 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 जुर्माना व धारा 5(1)घ आईटीपीए एक्ट में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 2,000 जुमार्ने की सजा सुनाई गई है.

## दिल्ली में उद्योग भवन को बम से उड़ाने की मिली धमकी, खाली कराया गया परिसर

नई दिल्ली स्थित उद्योग भवन में एक धमकी भरे ईमेल के बाद अलर्ट जारी कर दिया गया, जिसमें इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से संभावित बम हमले की चेतावनी दी गई थी। भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव को संबोधित यह ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दावा किया गया था कि उद्योग भवन परिसर में आत्मघाती आईईडी का इस्तेमाल किया जाएगा।




## सम्पादकीय

### 'समय पर काम जरूरी', वायु सेनाध्यक्ष की खरी बात; रक्षा खरीद प्रक्रिया में हो रही देरी पर जताई नाराजगी

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रक्षा सौदों और सामग्री निर्माण में देरी पर चिंता जताई। तेजस जैसे प्रोजेक्ट्स और विदेशी आपूर्ति में विलंब की समस्या रही है। मोदी सरकार ने स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा दिया लेकिन और सक्रियता चाहिए। निजी क्षेत्र की भागीदारी और डीआरडीओ की तर्ज पर उन्नत हथियारों के विकास से आत्मनिर्भरता संभव है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारतीय उद्योग परिसंघ के शिखर सम्मेलन में रक्षा सौदों और रक्षा सामग्री के निर्माण की परियोजनाओं में देरी को लेकर जैसी खरी बात कही, वह वैसी ही बातें करने के लिए जाने जाते हैं। यह अच्छा भी है, क्योंकि रक्षा के मोर्चे पर किसी भी तरह की देरी स्वीकार्य नहीं। इसके पहले उन्होंने लड़ाकू विमान तेजस के निर्माण में देरी पर भी अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की थी।अब उन्होंने यह कहने में संकोच नहीं किया कि हथियारों एवं रक्षा उपकरणों के निर्माण की कोई परियोजना समय पर पूरी नहीं होती। उनकी यह बात भी सही है कि दूसरे देशों से रक्षा सामग्री की खरीद के जो सौदे होते हैं, उनके तहत मिलने वाली सामग्री की आपूर्ति में भी विलंब होता है।इसके कई उदाहरण हैं। पहले तो रक्षा सौदों को अंतिम रूप देने में ही अच्छा-खासा समय लग जाता था।इसके चलते जरूरी रक्षा सामग्री मिलने में और विलंब होता था। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मनमोहन सरकार लंबे समय तक राफेल या इस जैसे अन्य विमान की खरीद का फैसला ही नहीं कर पाई।निःसंदेह मोदी सरकार ने रक्षा सौदे तत्परता से करने के साथ देश में ही सरकारी और निजी क्षेत्र के सहयोग से रक्षा सामग्री के निर्माण की ओर अतिरिक्त ध्यान दिया है और इसके सकारात्मक परिणाम भी मिले हैं, लेकिन इस मोर्चे पर और सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है। शायद इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय उद्योग परिसंघ के ही मंच से यह कहा था कि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान देश में ही बनाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाएगा।चूंकि बीते कुछ वर्षों में रक्षा सामग्री बनाने वाली हमारी कंपनियों ने अपनी क्षमता साबित कर दी है, इसलिए उन्हें और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि आपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध किया कि भारतीय सेना उन्नत हथियारों से लैस होने के साथ ही उनके उपयोग में भी पारंगत है।इसी कारण वायु सेनाध्यक्ष ने पाकिस्तान को बेदम करने और चीन की पोल खोलने वाले इस सैन्य अभियान को राष्ट्रीय विजय की संज्ञा दी। यह ध्यान रहे कि जनरल बिपिन रावत यह कहा करते थे कि भारत को अपनी जरूरत के हथियार खुद बनाने चाहिए, क्योंकि धीरे-धीरे वे उन्नत होते जाएंगे और हम रक्षा सामग्री के मामले आत्मनिर्भर हो जाएंगे।इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि जैसे हमारा डीआरडीओ है, वैसे ही अमेरिका का डारपा।

## आज का विचार




## राशिफल



**मेष राशि:** आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको साहस और पराक्रम में वृद्धि मिलेगी और यदि आप किसी मुश्किल में है, तो आपको आपके भाइयों का पूरा साथ मिलेगा.

**वृषभ राशि:** आपके लिए लाभदायक रहने वाला है. बिजनेस कर रहे लोग कुछ नई तकनीकों को अपना सकते हैं, जिससे उनका बिजनेस और बढ़ा हो सकता है. आपको किसी नए काम की शुरूआत करने का मौका मिल सकता है.

**मिथुन राशि:** आपके लिए अनुकूल रहने वाला है. कार्यक्षेत्र में आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी. आप अपने कामों को समय के हिसाब से पूरा करें व आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा करें, नहीं तो उनके खोने व चोरी होने का भय सता रहा है.

**कर्क राशि:** अपने खर्च को बहुत ही सावधानी से करें. किसी अजनबी से कल लेनदेन ना करें, नहीं तो वह आपको कोई बड़ा नुकसान करवा सकता है. आप अपनी आय व व्यय के लिए बजट बनाए, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, नहीं तो आप आय से अधिक धन व्यय करें

**सिंह राशि:** आपको किसी काम में लापरवाही दिखाने से बचना होगा व मित्रों के सहयोग से आप कुछ बिजनेस की योजनाओं में धन लगा सकते हैं. परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो आप उसे अपने किसी परिचित की मदद से दूर करने में कामयाब रहेंगे.

**कन्या राशि:** आपकी पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि दिलाने वाला रहेगा. कलात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा नाम कमाने का मौका मिलेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे. आपके यदि कुछ परेशानियां आ रही थी तो वह आज दूर होंगे.

**तुला राशि:** दिन विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे. आपको बुजुर्गों का पूरा सहयोग मिलेगा. आपकी कुछ दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलने से आप अच्छा लाभ कमा सकते हैं. आपको मामा पक्ष से धन लाभ मिलता दिख रहा है.

**वृश्चिक राशि:** दिन आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा. आप अपने खानपान की आदतों में सुधार लाएं, नहीं तो आपको कोई पेट संबंधित समस्या हो सकती है. आप अपनी बातों से लोगों को प्रसन्न करने में कामयाब रहेंगे.

**धनु राशि :** दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि बढ़ने से आपका मन प्रसन्न रहेगा. मित्रों के साथ आप कुछ यादगार पल व्यतीत करेंगे. आप किसी काम में धैर्य और साहस बनाए रखें. यदि आप घर परिवार में चल रही उलझनों को लेकर परेशान है

**मकर राशि:** दिन आपके लिए सूझ-बूझ दिखाकर काम करने के लिए रहेगा. आप अपने स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो आपको आप किसी बड़ी बीमारी को दावत दे सकते हैं. व्यापारिक मामलों में अच्छे परिणाम मिलेंगे. आपने यदि पहले किसी से धन उधार लिया था, तो आप उसे भी काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे.

**कुंभ राशि :** दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा. कुछ नए लोगों से आपको मेल मिलाप करने का मौका मिलेगा. आपको बिजनेस की कल किसी को पार्टनर बनाने से बचना होगा, नहीं तो वह आपको कोई बड़ा नुकसान करा सकता है.

**मीन राशि:** दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आप परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की बात का पूरा मान रखेंगे और उन्हें पूरा मान सम्मान देंगे. परिवार में किसी सदस्य के करियर से संबंधित कोई फैसला भावुकता में ना लें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा. बिजनेस में यदि कुछ योजनाएं आपको लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो आप उन्हें फिर से शुरू कर सकते हैं. आपको किसी काम के लिए जिद नहीं करनी है

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

**भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं।**

पा नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है।सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन




19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है।सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इन आर्थिक उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन ह्यहर हाथ को कामह्व का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने जापान को पीछे छोड़ चौथी अर्थ-व्यवस्था बन गयी है। भारत ने अनेक आर्थिक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। लेकिन भारत के सामने चुनौतियां भी नयी-नयी शक्लों में उभर रही है। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे।भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। इन समृद्धशालियों से उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। तभी देश आर्थिक दृष्टि से दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्रता से गति कर सकेगा। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब धनाढ्यों में एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दशार्ता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है।सदियों पहले भारत एक विकसित सभ्यता एवं सोने की चिड़िया रहा है। भारत हर दृष्टि से समृद्ध देश रहा है। अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ने से पहले मध्यकालीन दौर में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी रहा। विदेशी आक्रांताओं ने देश को लूटा। इतिहास में झांकें, तो लग सकता है कि मौर्य साम्राज्य की तरह एक बार फिर भारत समृद्धि के शिखर पर आरोहण करते हुए नए आर्थिक सफर एवं दुनिया की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के लिये साजो-सामान तैयार कर रहा है। मॉर्गन स्टेनली के विशेषज्ञों ने कुछ ही समय पहले कहा है कि अगले दस साल भारत के लिए कुछ वैसे ही तेज विकास का समय होगा, जैसे चीन ने 2007 से 2012 के बीच देखा। आज के भारत में राजनीतिक एकता और सैन्य सुरक्षा के साथ पूरे इलाके का एक आर्थिक तंत्र भी विकसित हो रहा है। आर्थिक समृद्धि का दौर शुरू हुआ है तो इसके बाधक तत्वों पर विचार करना ज्यादा जरूरी है।

# युवा चिंतन : सफलता-असफलता के बीच का संतुलन,प्रयास, श्रम और संकल्प

**संजीव ठाकुर**

आकस्मिक बड़ी सफलता एवं भारी असफलता आदमी पचा नहीं पाता मानसिक संतुलन बिगड़ने की संभावना बढ़ जाती है। सफलता तो फिर भी व्यक्ति खुशी से आत्मसात कर लेता है पर असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास, मनोबल की परम आवश्यकता होती हैह्नअसफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

**दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,**
**लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।**

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव



सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है।

आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है।

आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि

ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है।

मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है।

देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार मैं बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास अहंकार विहीन विनम्रता के साथ परिश्रम और संयम संकल्प लेकर सफलता के लक्ष्य की ओर पदार्पण ही है। फल स्वरुप अहंकार को त्याग कर संपूर्ण विश्वास को लेकर देश हित में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

# बलोचिस्तानः एक सुलगता ज्वालामुखी

बलोचिस्तानः एक सुलगता ज्वालामुखीह्व के. नाथ द्वारा रचित एक गंभीर और शोधपरक कृति है, जो बलोचिस्तान के संघर्ष, शोषण और स्वतंत्रता की जद्दोजहद को विस्तार से प्रस्तुत करती है। डायमंड पॉकेट बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक बलोचिस्तानः एक सुलगता ज्वालामुखी जिसके लेखक के. नाथ है।इस पुस्तक में कुल 13 अध्याय हैं, जो ऐतिहासिक, राजनैतिक, भू-राजनीतिक और सामाजिक पहलुओं को समेटे हुए हैं।

पुस्तक में बताया गया है कि बलोचिस्तान की समस्या भारत के विभाजन के समय से ही शुरू हो गई थी। यह क्षेत्र कभी स्वतंत्र था, जिसे ब्रिटिश साम्राज्य और फिर पाकिस्तान ने अपने हितों की पूर्ति के लिए अधीन कर लिया। लेखक विस्तार से बताते हैं कि कैसे कलात राज्य, जो आज के बलोचिस्तान का एक बड़ा हिस्सा था, को पहले एक संप्रभु राष्ट्र माना गया था। 1 अप्रैल 1948 को पाकिस्तानी सेना ने अंग्रेज जनरल के नेतृत्व में कलात पर कब्जा किया और खान मीर अहमद यार खान से जबरन विलय पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। पुस्तक में इस जबरन विलय को ब्रिटिश साम्राज्य की एक बड़ी कूटनीतिक चाल बताया गया है, जो उस समय रूस के प्रभाव को एशिया में रोकना चाहता था।1948 से आज तक बलोच लगातार पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्रता पाने के लिए संघर्षरत हैं।पुतक में अनेक विद्रोहों का उल्लेख है, जैसे 1948 में नवाबजादा अब्दुल करीम खान और 1958 में नवाब नौरोज खान के नेतृत्व में हुए विद्रोह। 2009 के बाद से विद्रोह की आग पूरे बलोचिस्तान में फैल चुकी है।लेखक ने स्पष्ट रूप से बताया है कि बलोचिस्तान में नागरिक प्रशासन नाममात्र का है और वहाँ की पूरी व्यवस्था पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसियों के हाथ में है। बलोचिस्तान तांबा, सोना, तेल, गैस और कोयले जैसी अकूत खनिज संपदाओं से भरपूर है, फिर भी यह पाकिस्तान का सबसे पिछड़ा और गरीब प्रांत है। लेखक इसे 'संपत्ति का शाप' बताते हैं, जहां संसाधनों का दोहन तो हो रहा है लेकिन स्थानीय जनता को कुछ भी नहीं मिल रहा। आज बलोच आंदोलन सिर्फ स्वायत्तता नहीं बल्कि पूर्ण स्वतंत्रता की मांग कर रहा है। नवाब अकबर बुग्टी की हत्या ने आंदोलन को नया मोड़ दे दिया। बलोच जनमानस अब पाकिस्तान में रहने के पक्ष में नहीं है। लेखक इसे पाकिस्तान के संभावित विघटन की भूमिका मानते हैं। भारत ने बलोचिस्तान की समस्या को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। भारत ने न केवल इस क्षेत्र के साथ सहानुभूति नहीं दिखाई बल्कि इसे कभी कूटनीतिक स्तर पर समर्थन भी नहीं दिया, जबकि बलोच लगातार पाकिस्तान से अत्याचार झेल रहे हैं।

के. नाथ ने चार महाद्वीपों में भ्रमण किया है और उनका अध्ययन क्षेत्र नील नदी से सिंधु तक विस्तृत है। उनकी लेखनी में अनुभव, शोध और संवेदना का सुंदर समंावेश देखने को मिलता है। विषय की गंभीरता को उन्होंने सटीक आंकड़ों और ऐतिहासिक तथ्यों से प्रस्तुत किया है।लेखक की भाषा सरल, स्पष्ट और भावप्रवण है। पुस्तक में ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य का प्रभावशाली संयोजन है। 13 अध्यायों में विभाजित यह पुस्तक एक दस्तावेजी अध्ययन की तरह प्रस्तुत होती है। यह न केवल जानकारी देती है, बल्कि पाठकों को सोचने और सजग होने के लिए प्रेरित भी करती है। ह्यबलोचिस्तानः एक सुलगता ज्वालामुखीह्व न केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष की कहानी है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि भू-राजनीतिक उपेक्षा और शोषण किस तरह मानवता के लिए खतरा बन सकते हैं।

## संजय राउत ने ऑपरेशन सिंदूर के राजनीतिकरण का लगाया आरोप, बोले- हमारे प्रधानमंत्री इसमें सबसे आगे

❍ राउत ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि पहलगाम के छह आतंकवादी अभी भी फरार हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम के छह आतंकवादियों को इसलिए नहीं पकड़ा जा रहा है क्योंकि हो सकता है कि एक दिन आपको भाजपा कार्यालय से एक प्रेस नोट मिले कि वे छह लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शिवसेना (यूबीटी) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला करते हुए उन पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करने और भारतीय सैनिकों द्वारा किए गए सैन्य अभियान का अनुचित श्रेय लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की राजनीति देश के प्रधानमंत्री हर राज्य में जाकर कर रहे हैं, यह ऑपरेशन हमारे सैनिकों ने किया है लेकिन इसका श्रेय लेने की होड़ है, हमारे प्रधानमंत्री इसमें सबसे आगे हैं, कोई भी जाकर किसी को सिंदूर की पवित्र व्यवस्था नहीं दे सकता। राउत ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि पहलगाम के छह आतंकवादी अभी भी फरार हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम के छह आतंकवादियों को इसलिए नहीं पकड़ा जा रहा है क्योंकि हो सकता है कि एक दिन आपको भाजपा कार्यालय से एक प्रेस नोट मिले कि वे छह लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस बीच, राउत ने आगे घोषणा की कि विपक्षी दल एकजुट होकर एक पत्र सौंप रहे हैं, जिस पर सभी ने हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में एक विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा, रविपक्ष के लोग एक बार फिर आगे आए हैं, और हम राहुल गांधी के नेतृत्व में एक विशेष सत्र के लिए सभी के हस्ताक्षर वाला एक पत्र दे रहे हैं।

# 425 एक्टिव केस, 7 मरीजों की मौत... महाराष्ट्र में एक बार फिर से डराने लगी कोरोना की रफ्तार

**महाराष्ट्र में कोरोना के मामले फिर बढ़ रहे हैं। गुरुवार को 76 नए मरीज मिले हैं। जनवरी से अब तक 597 मामले दर्ज हुए हैं। फिलहाल 425 मरीज सक्रिय हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में कोरोना एक बार फिर से डराने लगा है। राज्या में गुरुवार को कोरोना के 76 नए मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य में 1 जनवरी से अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या 597 हो गई है। वर्तमान में 425 सक्रिय मरीज हैं जबकि 165 मरीज ठीक हो चुके हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनवरी से सात मरीजों की मौत हुई है, जिनमें से छह को अन्य बीमारियां थीं। वर्तमान में, महाराष्ट्र में कोरोनावायरस के लिए आईएलआई (इन्फ्लुएंजा जैसे रोग) और एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) सर्वेक्षण चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि राज्य में पर्याप्त कोरोना वायरस परीक्षण और उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं और लोगों को घबराना नहीं चाहिए।

नए मामलों में से 27 मुंबई में, 21 पुणे में, 12 ठाणे नगर निगम की सीमा में, आठ कल्याण नगर निगम में, चार नवी मुंबई में, एक कोल्हापुर नगर निगम में, एक अहिल्यानगर नगर निगम में और दो रायगढ़ जिले में पाए गए। विभाग ने कहा कि जनवरी 2025 से मुंबई में रिपोर्ट किए गए मरीजों की कुल संख्या 379 है। जनवरी और फरवरी में एक-एक कोविड-19 पॉजिटिव मामला सामने आया, मार्च में कोई मामला सामने नहीं आया, अप्रैल में चार मामले पाए गए और मई में 373 मामले सामने आए।''प्राण जाई पर वचन न जाई...'' राम'नीति' ही अब भारत'नीति'9,592 कोविड-19 परीक्षण किए गएजनवरी से राज्य में 9,592 कोविड-19 परीक्षण किए गए। अधिकारियों ने कहा कि सभी मरीज जो ठीक हुए हैं, वे हल्के संक्रमण से पीड़ित थे। मृतक मरीज हाइपोकैल्सेमिक दौरे के साथ नेफ्रोटिक सिंड्रोम, किडनी रोग, ब्रेन स्ट्रोक (सेरेब्रोवास्कुलर रोग), डायबिटिक कीटोएसिडोसिस, इंटरस्टिशियल लंग डिजीज और मधुमेह जैसी बीमारियों से पीड़ित थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अन्य राज्यों और कुछ अन्य देशों में भी कोरोनावायरस के मरीजों की संख्या में छिटपुट वृद्धि देखी जा रही है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिए ये निर्देशस्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में आईसीयू बेड, ऑक्सीजन सप्लाई और अन्य जरूरी संसाधनों की तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं।

फास्ट ट्रैक

## उस्मानाबाद स्टेशन अब धाराशिव रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र सरकार द्वारा उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने के निर्णय के अनुरूप, भारतीय रेल ने उस्मानाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर धाराशिव रेलवे स्टेशन कर दिया है। इसके अनुसार, नया स्टेशन नाम और कोड भारतीय रेलवे कॉन्फ्रेंस एसोसिएशन द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। पूर्व में उस्मानाबाद (स्टेशन कोडः ) के नाम से जाना जाने वाला यह स्टेशन अब आधिकारिक रूप से धाराशिव (नया स्टेशन कोडः ) कहलाएगा।

इस परिवर्तन के अनुसार, स्टेशन का नाम निम्न प्रकार से पढ़ा और लिखा जाएगाः

देवनागरी लिपि (मराठी में): धाराशिव

देवनागरी लिपि (हिंदी में): धाराशिव

रोमन लिपि (अंग्रेजी में):

रेलवे के सभी अभिलेखों, संकेत पट्टों (साइनेज), उद्घोषणाओं और यात्री सूचना प्रणालियों को नए नाम के अनुसार अद्यतन किया जाएगा।यात्रियों और आम जनता से अनुरोध है कि वह इस नाम परिवर्तन का ध्यान रखें।इस नाम परिवर्तन को लागू करने के लिए मुंबई पीआरएस (यात्री आरक्षण प्रणाली) को अस्थायी रूप से 31.05.2025 की रात 23:45 बजे से 01.06.2025 को तड़के 01:30 बजे तक (1 घंटा 45 मिनट) के लिए बंद रखा जाएगा। इस अवधि के दौरान उस्मानाबाद स्टेशन का नाम बदलकर धाराशिव करने तथा संबंधित तकनीकी अद्यतनों का कार्य किया जाएगा।

## शादी के 4 महीने बाद पति ने की आत्महत्या, पत्नी ने भी निराशा में उठाया कदम, कोल्हापुर में लव स्टोरी का चौंकाने वाला अंत

**महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में एक दुखद घटना हुई। एक प्रेम विवाह करने वाले कपल में पति ने तीन महीने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति की आत्महत्या के बाद पत्नी ने भी निराशा में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह घटना हातकणंगले तालुका के तरदल में हुई।**

कोल्हापुरः महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में एक दुखद घटना हुई। एक प्रेम विवाह करने वाले कपल में पति ने तीन महीने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति की आत्महत्या के बाद पत्नी ने भी निराशा में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह घटना हातकणंगले तालुका के तरदल में हुई। मृत युवती का नाम आरोशी प्रणव पारखे (उम्र 19 वर्ष) है। वह श्रीरामनगर, तरदल की रहने वाली थी। इस मामले की जानकारी शहापुर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है।क्या है मामलापुलिस के अनुसार, आरोशी और प्रणव पारखे ने कुछ समय पहले प्रेम विवाह किया था। उनका पूरा परिवार कोल्हापुर में रहता था। शादी के चार महीने बाद ही प्रणव पारखे ने आत्महत्या कर ली।

## मध्य रेल पर दिनांक 01.06.2025 को मेगा ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 01.06.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक संचालित करेगा।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-विद्याविहार अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 10.55 बजे से दोपहर 15.55 बजे तक

सुबह 10.48 बजे से दोपहर 15.45 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई से छूटने वाली डाउन स्लो सेवाएं छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई और विद्याविहार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और भायखला, परेल, दादर, माटुंगा, सायन और कुर्ला स्टेशनों पर रुकेंगी और पुनः डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। सुबह 10.19 बजे से दोपहर 15.52 बजे तक घाटकोपर से छूटने वाली अप स्लो ट्रेनों को विद्याविहार और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो कुर्ला, सायन, माटुंगा, दादर, परेल और भायखला स्टेशनों पर रुकेंगी.

हार्बर लाइनः

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-चूनाभट्टी/बांद्रा डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.40 बजे से शाम 16.40 बजे तक और

चूनाभट्टी/बांद्रा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अप हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 16.10 बजे तक

सुबह 11.16 बजे से शाम 16.47 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई/वडाला रोड से वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए छूटने वाली और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई से सुबह 10.48 बजे से शाम 16.43 बजे तक बांद्रा/गोरेगांव के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं निलंबित रहेंगी.

सुबह 9.53 बजे से दोपहर 15.20 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई के लिए पनवेल/बेलापुर/वाशी से छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं और सुबह 10.45 बजे से शाम 17.13 बजे तक गोरेगांव/बांद्रा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई के लिए अप हार्बर लाइन सेवाएं निलंबित रहेंगी.

हालांकि, ब्लॉक अवधि के दौरान 20 मिनट की फ्रीक्वेंसी पर पनवेल और कुर्ला (प्लेटफॉर्म नंबर 8) के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी।

हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक मेन लाइन और पश्चिम रेलवे से यात्रा करने की अनुमति है।

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि होने वाली असुविधा रेलवे प्रशासन के साथ वहन करें।

## 58532 घर, 13468 कॉमर्शल यूनिट्स, वाटरफ्रंट, पार्क, ग्रीन स्पाइन

**धारावी पुनर्विकास परियोजना के मास्टर प्लान को बुधवार को मंजूरी दे दी गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की बैठक में यह मंजूरी दी गई। मुंबई के बीचों-बीच स्थित झुग्गी बस्ती धारावी का पुनर्विकास अदाणी समूह और महाराष्ट्र सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम के तहत स्थापित एक विशेष उद्देशीय इकाई के माध्यम से किया जाएगा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : धारावी की आबादी पुनर्विकास योजना के लागू होने के बाद 4.9 लाख होगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री को इस सप्ताह एक प्रेजेंटेशन में दी गई। अभी धारावी की आबादी 7 लाख से 10 लाख तक मानी जाती है। इस योजना से अगले दस सालों में यहां की भीड़ कम होने की उम्मीद है। पुनर्विकास के बाद धारावी में पुनर्वास और नवीनीकरण की आबादी लगभग 3 लाख होगी। इसमें झुग्गीवासी और अधिकृत इमारतों में रहने वाले लोग शामिल हैं। लगभग 1 लाख नए लोग बिक्री के लिए बनी इमारतों में रहने आएंगे।इसके अलावा, पुनर्विकास योजना से बाहर रखी गई संपत्तियों में लगभग 65,000-70,000 लोग रहेंगे। योजना बनाने वालों का अनुमान है कि अगले सात सालों में, जब यह प्रोजेक्ट चल रहा होगा, तब आबादी में लगभग 16,000 लोग स्वाभाविक रूप से बढ़ जाएंगे। यह प्रेजेंटेशन एस वी आर श्रीनिवास ने दिया।अगर राहुल गांधी पीएम होते तो भारत का होता ढइ्ढड, मोदी पर तेलंगाना सीएम के बयान भड़की इखढ, जितेंद्र सिंह ने सुनायाधारावी में क्या और कैसे बनेगा वे धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट के उएड और नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन हैं। नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड इस प्रोजेक्ट को पूरा करने वाली कंपनी है। मुंबई की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास को एक जेंट्रिफिकेशन प्रोजेक्ट बताते हुए, सरकार के प्रेजेंटेशन में 2.5 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र के लिए ग्रीन स्पाइन बनाने की बात कही गई है। इसके साथ ही एक सेंट्रल पार्क, वाटरफ्रंट और म्यूजियम भी बनाने की योजना है। एक मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब और मिश्रित-उपयोग वाले पड़ोस भी बनाए जाएंगे। इनसे कारीगरों की पारंपरिक आजीविका और ऊंची इमारतों में घरों को सहारा मिलेगा।पांच नए एंट्री पॉइंटधारावी को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, सायन और माहिम से जोड़ने के लिए पांच नए एंट्री पॉइंट प्रस्तावित किए गए हैं। कुल पुनर्वास लागत 95,790 करोड़ रुपये अनुमानित है।

## नाली विवाद पर एसिड अटैक

बागपत, खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर गांव में नाली विवाद को लेकर दो महिलाओं के बीच झगड़ा हुआ। इस दौरान एक महिला ने दूसरी महिला पर तेजाब फेंक दिया। हमले में पीड़िता की आधी से अधिक कमर झुलस गई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिल्ली रेफर किया गया। वहां इलाज के बाद अब उसे छुट्टी दे दी गई है।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 1**

**निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-टेली-2025-19**

**निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-टेली-2025-19** के लिये **शुद्धिपत्र संख्या 1** जारी किया गया है।

**निविदा समापन तिथि समय 12/06/2025 15:00 बजे तक बढाया गया है।**

अन्य सभी विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

**यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है।**

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।

**कृते म.रे. प्र. (सं. एवं दू.सं.)**

Sai/125

**रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है**

## सांसद नरेश म्हस्के के प्रयासों से भायंदर स्टेशन पर नए एस्केलेटर का शुभारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भायंदर। शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के के प्रयासों से भायंदर रेलवे स्टेशन के संयुक्त प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर आज नए एस्केलेटर की सेवा शुरू हो गई। शिवसेना 145 विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। एस्केलेटर की सेवा शुरू होने से इन दोनों प्लेटफॉर्मों पर उतरने वाले रेल यात्रियों को ब्रिज पर चढ़ने में बहुतआसानी होगी। विक्रम प्रताप सिंह काफी समय से इस प्लेटफार्म पर एस्केलेटर लगाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन तथा ठाणे लोकसभा के सांसद नरेश म्हस्के के विशेष प्रयासों से एस्केलेटर लगाने में सफलता प्राप्त हुई। एस्केलेटर लगने से खासकर बुजुर्ग और महिला रेल यात्रियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जौनपुर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन तथा राजस्थान जाने वाली ट्रेनों के भायंदर स्टेशन पर ठहराव को लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर नगरसेवक व शिवसेना जिलाप्रमुख राजू भोईर ,नगरसेवक धनेश पाटिल , नगरसेवक प्रवीण पाटिल, नगरसेवक जयंतीलाल पाटिल, नगरसेवक संजय पंगे, कपिल परमार, नगरसेवक दिनेश नलावडे समेत अन्य पदाधिकारी तथा नागरिक उपस्थित रहे।

## फोन फॉर्मेट, संदिग्ध ऐप... बेटे को कश्मीर छोड़कर पाकिस्तान गई नागपुर की सुनीता जामगडे आखिर क्या छिपा रही?

**महाराष्ट्र के नागपुर की पुलिस यहां की उस महिला को वापस ले आई है, जो इस महीने की शुरूआत में कारगिल से पाकिस्तान चली गयी थी। महिला को बाद में पड़ोसी देश ने वापस भेज दिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महिला सुनीता जामगड़े (43) को बुधवार देर रात नागपुर लाया गया।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नागपुर : महाराष्ट्र में सुनीता जामगाडे नाम की एक 43 वर्षीय महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि सुनीता पार करके पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चली गई थीं। खबर है कि गिरफ्तारी के बाद सुनीता ने पुलिस को बताया कि जमानत मिलने के बाद वह पाकिस्तान वापस जाना चाहती है। पुलिस इस मामले को जासूसी से जोड़कर देख रही है। नागपुर के एक मजिस्ट्रेट ने आधी रात के बाद अपने घर पर ही सुनीता की गिरफ्तारी का आदेश दिया।नई दिल्ली स्टेशन पर हुई गिरफ्तारीसुनीता जामगड़े पहले नर्स का काम करती थीं। उसे गुरुवार को नई दिल्ली से ट्रेन में आने के बाद सुबह होने से पहले ही हिरासत में ले लिया गया।

**पश्चिम रेलवे**

**यार्डों में नालियां प्रदान करने का कार्य**

वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 द्वारा निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. **अ.क्र. : 1. ई-निविदा सूचना क्रमांकः बीसीटी/25-26/75 दिनांक 26/05/2025. कार्य और स्थानः** एडीईएन/नंदुरबार क्षेत्राधिकार के अंतर्गत यार्डों में नालियां प्रदान करना. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु.1,97,43,145.48. **ईएमडीः** रु.2,48,700/-. **अ.क्र. : 2. ई-निविदा सूचना क्रमांकः बीसीटी/25-26/76 दिनांक 26/05/2025. कार्य और स्थानः** एडीईएन/अमलनेर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत यार्डों में नालियां प्रदान करना. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु.1,00,73,798.33. **ईएमडीः** रु.2,00,400/-. **दोनों निविदाओं की जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 20.06.2025 को 15:00 बजे तक. **दोनों निविदाओं की खोलने की तिथि एवं समयः** 20.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे.** 0199

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नलिंग कार्य**

वरि. डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 द्वारा **ई-निविदा क्रमांकः एसजी_216_2_126_डब्ल्यूए दिनांक 26.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य और स्थानः** मुंबई मंडल के उकाई सोनगढ़ – जलगांव अनुभाग के एडीईएन अमलनेर क्षेत्राधिकार अंतर्गत धरणगांव और पाडसे यार्डों के सुधार और उन्नयन के संदर्भ में सिग्नलिंग कार्य. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 80,11,266.82. ईएमडीः रु. 1,60,200/-. **ई-निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 23.06.2025 को 15:00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 23.06.2025 को 15:30 बजे. निविदा को वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है. 0201

Like us on : facebook.com/WesternRly

## दबंगों ने महिला का मकान कब्जाया

बुलंदशहर, गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर दबंग से मिलीभगत कर उसके मकान और दुकान पर कब्जा कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता राखी ने एसएसपी को दी शिकायत में बताया कि कुछ पुलिसकर्मियों ने एक दबंग व्यक्ति का साथ देकर उसकी संपत्ति पर अवैध कब्जा करा दिया।

## पश्चिम रेलवे का कांदिवली यार्ड में मेजर ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, पश्चिम रेलवे के कांदिवली यार्ड में एलिवेटेड बुकिंग ऑफिस को हटाने के लिए 5वीं लाइन और यार्ड लाइनों पर शनिवार, 31 मई 2025 को 13:00 बजे से रविवार/सोमवार की मध्यरात्रि यानी 1/2 जून, 2025 को 01:00 बजे तक 36 घंटे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक के दौरान उपनगरीय और मेल एक्सप्रेस ट्रेनें फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी। प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः- शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट/आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनेंः

1. 30 और 31 मई, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 19418 अहमदाबाद-बोरीवली एक्सप्रेस वसई रोड पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसलिए, यह ट्रेन वसई रोड और बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

2. 31 मई और 01 जून, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 19425 बोरीवली- नंदुरबार एक्सप्रेस भायंदर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। इसलिए, यह ट्रेन बोरीवली और भायंदर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

3. 31 मई, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 19426 नंदुरबार-बोरीवली एक्सप्रेस वसई रोड पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसलिए, यह ट्रेन वसई रोड और बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

4. 01 जून, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 19417 बोरीवली-अहमदाबाद एक्सप्रेस वसई रोड से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। इसलिए, यह ट्रेन बोरीवली और वसई रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। इस ब्लॉक के कारण कुछ उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित होंगी और उन्हें निरस्त किया जाएगा। 31 मई, 2025 को निरस्त होने वाली ट्रेनों की सूची अनुलग्नक क के रूप में संलग्न है, जबकि, 01 जून, 2025 को निरस्त होने वाली ट्रेनों की सूची अनुलग्नक कक के रूप में संलग्न है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर यात्रा करें।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 1**

**निविदा संख्याः एलसी/सीएसएमटी/सीआरपी/पीएमएस/2025/01 दिनांक 26/05/2025** के लिये। **परियोजना का नाम :** मध्य रेल के भुसावल, नागपुर, पुणे, सोलापुर डिवीजन में नए 2 x 25 केवी टीएसएस/एसएसपी/एसपी के निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)। **निविदा आमंत्रण प्राधिकारी निम्नानुसार हैः- पद का नामः** मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण / मध्य रेल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस। **पताः** मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण / मध्य रेल का कार्यालय, तीसरी मंजिल, नया प्रशासनिक भवन, डी. एन. रोड, मुंबई सीएसटी - 400 001. **मेल पता :** ceeccr@gmail.com, pceecoffice@gmail.com. **मोबाइल नंबर :** 8828119354. अन्य सभी दस्तावेज अपरिवर्तित रहेंगे। अन्य सभी नियम व शर्ते समान रहेगी।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय**

Sai/126

**रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है**

**पश्चिम रेलवे**

**साइनेज की आपूर्ति और स्थापना**

वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा, **ई-निविदा सूचना क्रमांकः 81255259 दिनांक 26/05/2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य और स्थानः** विभिन्न प्रकार के वर्णित ब्रेल साइनेज की आपूर्ति और स्थापना. कार्य की अनुमानित लागतः रु. 86,39,625.55. **ईएमडीः** रु. 1,72,790/-. **ई-निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 04.07.2025 को 11:00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 04.07.2025 को 11:00 बजे. निविदा को वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है. 0206

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विविध कार्य**

वरि. मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांकः बीसीटी/25-26/74 दिनांक 26/05/2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य और स्थानः** चर्नी रोड स्टेशन – इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग गियर्स के प्रतिस्थापन के संबंध में चर्नी रोड स्टेशन पर आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की डिजाइन, आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और क्रियान्वयन. (संयुक्त निविदा). **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 1,53,61,950.34. **ईएमडीः** रु. 2,26,800/-. **प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 20.06.2025 को 15:00 बजे तक. **प्रस्ताव खोलने की तिथि एवं समयः** 20.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0200

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना संख्या – DY-CE-C-KURJ-02-2025 Dated : 27.05.2025**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/खजुराहो भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदायें आमंत्रित करते है। **निविदा कं. –** DY-CE-C-KURJ-02-2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित –** वर्क फॉर कन्स्ट्रक्शन ऑफ 05 नम्बर मेजर ब्रिजेज नं. 105/1 (चै.105055.871, 1X30.5 सी.जी.), ब्रिज नं. 108/2 (चै.108604.024 मी., 2X18.3 मी. सी.जी.),ब्रिज नं. 109/2 (चै. 109897.535,1X12.2मी.सी.जी.),ब्रिज नं. 113/1 (चै.113304.815 मी., 1X12.2 मी. सी.जी.) एंड ब्रिज नं. 113/3 (चै.113924. 665 मी., 3X30.5 मी.सी.जी.) इनक्लुडिंग अर्थवर्क इन फिलिंग बिलेंकेटिंग वर्क एण्ड अदर एन्सीलरी वर्क्स बिटबीन किमी. 103. 100–103.233, किमी. 105.00–105.180, किमी.108.500–108.700, किमी.109. 800–110.000 किमी. 113.200–113.400 एण्ड किमी. 113.840–114.040 ऑफ पन्ना खजुराहो सेक्शन ऑफ ललितपुर – सिंगरौली नई बी. जी. रेल लाईन प्रोजेक्ट **निविदा का अनुमानित मूल्य कीमत (रूपये में) –** 35,00,72,671.81/– **बयाना राशि रूपये –** 19,00,400.00/– **निविदा खुलने की तिथि –** 19.06.2025 (15.00hrs) **कार्य समापन का अवधि –** 18 माह उपरोक्त ई–निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाईट IREPS "(www.ireps.gov.in)" पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/ निर्माण /पश्चिम मध्य रेल/ खजुराहो के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है । ई–निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है । निविदाकार वेबसाईट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

(हस्ता.)

उपमुख्य अभियंता निर्माण, पमरे/खजुराहो

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**सिगनल एवं दूर संचार विभाग**

**निविदा सूचना–दिनांक 05.05.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी(सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यों Tender No.Kota /SNT/SIG/2025/04, Kota /SNT/ SIG/ 2024/19M के लिये निर्धारित ई–निवदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एंव समय टेबल मे दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जावेगा। **टेण्डर सं.–** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/04, **कार्य का नाम–** एनुअल मेंटेनेंस कान्ट्रेक्ट (एएमसी) ऑफ इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग सिस्टम ऑफ क्योसान मेक इन्सटॉल्ड ऑन कोटा डिविजन फोर 3 इयर्स। (JAPN, JAKA, ALKA, GHATOLI, NGPK, JHW)(2025) **कार्य की अनुमानित लागत–** रू. 3,25,70,171.28/–, **बयाना राशि–** रू. 312900/–, **तारीख एवं समय– दिनांक 02.06.2025 को 15:00 बजे तक, टेण्डर सं.–** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/19M, **कार्य का नाम–** डिफेक्टिव केबिलस् रिप्लेसमेन्ट एंड एसएंडटी वर्क इन कनेक्शन विथ वेरियस ट्रेक रिलेटेड वर्क्स इन कोटा डिविजन, **कार्य की अनुमानित लागत–** रू. 5,39,88,630.52/–, **बयाना राशि–** रू. 4,20,000/–, **तारीख एवं समय–** दिनांक 06.06.2025 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा ।।। डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर. ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई–टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एंड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता.)

वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)

पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# भाजपा नेता ने घर में घुसकर की मारपीट

## जमीन विवाद में संजय राव ने समर्थकों के साथ किया हमला, तोड़फोड़ की



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, जमीनी विवाद में मारपीट हो गई। भाजपा नेता संजय राव और उनके समर्थकों ने अभिषेक राव के घर में घुसकर मारपीट की। परिवार के सदस्यों और महिलाओं पर हमला किया। मामला सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बौड़िया अनंत का है। हमले का वीडियो भी सामने आया है। फरसा और लाठी-डंडों से लोगों को पीटा गया। आरोपियों ने घर में तोड़-फोड़ भी की। पीड़ित अभिषेक राव का आरोप है कि भाजपा नेता अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर उनके घर को हड़पना चाहते हैं। अभिषेक राव ने सदर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी विक्रांत वीर के प्रयासों के बावजूद अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीण क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में भाजपा नेता संजय राव की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

# लोकनेया डी. बा. पाटिल के नाम पर नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का तत्काल नामकरण किया जाए

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय की घोषणा कर अधिसूचना जारी करने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लोकनेता डी बी पाटील के नाम करने का विषय केंद्र सरकार के पास लंबित है, इसलिए परियोजना पीड़ितों में असंतोष है। अगले 15 दिनों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी। राज्य सरकार को तुरंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लोकनेते डी बी पाटिल नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सर्वदलीय कार्य समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित करनी चाहिए और नाम की घोषणा करनी चाहिए। साथ ही, अधिसूचना जारी की जानी चाहिए। अन्यथा, असंतोष का विस्फोट होगा, अध्यक्ष और वरिष्ठ समाजवादी नेता दशरथ पाटिल ने आज कार्य समिति की ओर से एक पत्रकार सम्मेलन में चेतावनी दी ।लोकनेते डी. बी. पाटिल नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सर्वदलीय कार्रवाई समिति के अध्यक्ष दशरथ पाटिल की अध्यक्षता में लोकनेता डी. बी. पाटिल के नाम पर नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नामकरण करने और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ठाणे जिले के पदाधिकारियों की एक बैठक सरकारी विश्राम गृह में आयोजित की गई थी। दशरथ पाटिल बाद में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। बैठक में पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, पूर्व महापौर जे. एम. म्हात्रे, जे. डी. टंडेल, संतोष केने, गुलाब वझे, नितिन पाटिल, डॉ. यशवंत सोरे, शरद म्हात्रे, वासुदेव भोईर, दीपक पाटिल, दीपक म्हात्रे, सीमा घरात, संजय घरात, संतोष घरात, धीरज कालेकर और बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे। लोकनेया डी. बी. पाटिल का नामकारण के लिए कई आंदोलनों बाद उनके नाम पर रखा गया है। इसलिए, राज्य सरकार ने महाराष्ट्र विधानसभा के दोनों सदनों में एक प्रस्ताव पारित करके केंद्र सरकार को भेजा है। लेकिन यह प्रस्ताव अभी भी केंद्र में लंबित है। हवाई अड्डे का काम अब पूरा हो गया है। संभवतः नवंबर से उड़ानें शुरू होंगी। ऐसे में इस एयरपोर्ट का नाम डी. बी. के नाम पर रखना जरूरी है, ऐसा दशरथ पाटिल ने कहा। कार्य समिति ने इस मुद्दे पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ बैठक कर आगे की कार्रवाई की है। हालांकि यह मुद्दा आज तक केंद्र में लंबित है, इसलिए परियोजना पीड़ितों में असंतोष है। दशरथ पाटिल ने कहा कि केंद्र को इस असंतोष को फूटने न देते हुए इस मुद्दे को जल्दी से हल करना चाहिए। दशरथ पाटिल ने कहा कि परियोजना पीड़ितों और ठाणे, रायगढ़, पालघर, मुंबई के भूस्वामियों को हवाई अड्डे के क्षेत्र में नौकरियों के मुद्दे को कैसे हल किया जाए और भर्ती को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकनेता डी. बी. पाटिल का स्मृति दिवस 24 जून, 2025 को है। इस दिन कोई भव्य कार्यक्रम की योजना बनाई जा सकती है ? इस पर बैठक में चर्चा हुई। इसके लिए कहा गया कि विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकर्ता जनजागृति पैदा करें और बैठकें करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

फास्ट ट्रैक

# पुवायां पुलिस की मनमानी का मामला

## निर्दोष को जबरन थमाया तमंचा, अस्वस्थ व्यक्ति को पुलिस ने किया परेशान, कोर्ट ने दिया न्याय

शाहजहांपुर, पुवायां पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव सुनारा बुजुर्ग के निवासी महिपाल को पुलिस ने बिना किसी कारण हिरासत में ले लिया। महिपाल अस्वस्थ होने के कारण स्कूल के पास, जहां वह अपने पशु बांधता है, चारपाई पर आराम कर रहा था। रात के समय सादी वर्दी में दो पुलिसकर्मी बाइक पर आए। उन्होंने महिपाल से शराब पीने के बारे में पूछताछ की। महिपाल के मना करने के बावजूद उसे बड़ा गांव चौकी ले गए। वहां से उसे निगोही रोड स्थित हदीरा रोड पर ले जाया गया। पुलिसकर्मियों ने महिपाल को तमंचा पकड़ने का दबाव बनाया। महिपाल के इनकार करने पर पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। उन्होंने जबरन उसकी जेब में कारतूस डालकर तमंचा उसके हाथ में थमा दिया। इसके बाद उसे थाने लाया गया और कोर्ट में पेश किया गया। न्यायालय में जज ने जब महिपाल से पूछताछ की, तो उसने पूरी घटना का वर्णन किया। पुलिस ने महिपाल पर शराब पीने का आरोप लगाया। जज ने पुलिस की कार्रवाई को गलत मानते हुए महिपाल को जमानत दे दी। इस घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



# कंपनी नए शेड्यूल के अनुसार ई-बसों की आपूर्ति करे : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , सरकार यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयासरत है। इसी के तहत ईवे ट्रांस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 5150 इलेक्ट्रिक बसें लीज पर लेने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने आज निर्देश दिया कि निगम नए शेड्यूल के अनुसार ई-बसों की आपूर्ति करे ताकि इन बसों के माध्यम से यात्रियों को सुविधाएं प्रदान की जा सकें। मंत्री श्री सरनाईक मंत्रालय में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में बस आपूर्ति की समीक्षा करते हुए बोल रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर, कंपनी के के.वी. प्रदीप आदि उपस्थित थे। मंत्री श्री सरनाईक ने कहा कि बस आपूर्तिकर्ता से कंपनी द्वारा दिए गए शेड्यूल के अनुसार बसें आपूर्ति करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा प्रदान की गई बसों के परिचालन घाटे को देखते हुए राज्य सरकार से निधि प्राप्त करने के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि के लिए एक प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए। कंपनी ने अब तक 220 बसें सप्लाई की हैं। कंपनी को संशोधित समझौते के अनुसार शेष बसों की आपूर्ति करने की योजना बनानी चाहिए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि कंपनी द्वारा लीज के आधार पर 5150 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति करने के लिए समझौता किया गया था। जिसमें से 220 बसों की आपूर्ति की जा चुकी है। इनमें 12 मीटर और 9 मीटर लंबी बसें शामिल हैं। निगम ने एक नया विभागवार खाता बनाया है और इलेक्ट्रिक बसों की आय से कंपनी को बिलों का भुगतान कर रहा है। इसके अनुसार, कंपनी को 60 करोड़ रुपये दिए गए हैं। शेष 40 करोड़ रुपये का भुगतान करने की योजना है। 12 मीटर की बसों के संचालन पर 12 रुपये प्रति किलोमीटर और 9 मीटर की बसों के संचालन पर 16 रुपये प्रति किलोमीटर का नुकसान मानकर निगम को अगले कुछ वर्षों में 3191 करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ेगा। अगर राज्य सरकार घाटे की राशि का भुगतान करने के लिए सहमत होती है, तो यह बस आपूर्ति समझौता पूरा हो सकता है। इसके लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ बैठक कर निर्णय लिया जाएगा, ऐसा परिवहन मंत्री सरनाईक ने बताया है।

# मथुरा में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन में उल्हासनगर की कवियत्री ने बिखेरी सुरों की महफिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में पहली बार आयोजित हुए अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन में उल्हासनगर की कवयित्री प्रिया वछानी ने शानदार मंच संचालन कर कवि सम्मेलन की शान बढ़ाने में अपना योगदान दिया। इस कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य,व्यंग्य,श्रृंगार और वीर रस से ओतप्रोत कविताओं को सुनाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के तत्वावधान और सिंधी जनरल पंचायत की मेजबानी व किशोर इसरानी के संयोजन से अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए सिंधी भाषी कवियों ने सिंधी भाषा में काव्य रचनाएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

संचालिका और कवयित्री प्रिया वछानी ने कार्यक्रम का शानदार संचालन किया। कवियों की मेहनत को प्रिया वछानी ने अपने शब्दों में इस तरह बयान किया ₹ डुबोकर दर्द की स्याही में जब कलम चलाई ,घाव बने नासूर तब कहीं कविता बन पाई ₹, उन्होंने एक और शेर के जरिए लोगों को आनंदित किया ₹कुछ इस तरह हिंद का नक्शा नजर आए,एक तरफ बहे गंगा एक तरफ सिंधु नजर आए₹

कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के रायपुर से साहित्यकार कैलाश शादाब, भोपाल से कवि नारी लच्छवाणी, भोपाल से कवि कनयो शेवाणी, मुम्बई से आए सिंधी साहित्यकार एवं कवि मंथन बचानी ने अखंड भारत की प्राचीन मोहन जोदड़ो सभ्यता को सिंधी संस्कृति से जोड़ते हुए काव्य रचना प्रस्तुत की। बुंदेलखंड की माहिल नगरी उरई से आई कवयित्री पूजा रावलानी ने भी अपनी रचनाओं से दर्शकों का मनोरंजन किया।




उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल ने देशभर से आए कविजनों, कार्यक्रम संयोजक किशोर इसरानी तथा सहयोगी संस्था सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री, महामंत्री बसंतलाल मंगलानी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों और उपस्थित ब्रजवासियों का सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी और आभार प्रकट किया। आयोजकों द्वारा आमंत्रित कवियों का स्मृति चिन्ह एवं मथुरा का प्रसाद भेंट कर शाल ओढ़ाकर एवं मोतीमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

# पाल्क संस्था का समर कैम्प सेना को समर्पित

## मिर्जापुर में चित्रकला प्रतियोगिता में तन्वी प्रथम, तान्या द्वितीय और आस्था तृतीय स्थान पर

मिर्जापुर, पाल्क संस्था द्वारा बेटियों के लिए निःशुल्क चित्रकला समर कैम्प का आयोजन लालडिग्गी में किया गया। कैम्प में आस्था चौरसिया ने बच्चों को चित्रकला की बारीकियां सिखाई। प्रतियोगिता में तन्वी केशरी ने प्रथम, तान्या ने द्वितीय और आस्था साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोर्डिनेटर संध्या गुप्ता और सरोज गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस वर्ष का समर कैम्प भारतीय सेना को समर्पित किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत भी सैन्य परंपरा के अनुसार किया गया। कार्यक्रम का संचालन नव्या और खुशबू ने किया। संचालकों ने विश्व भूख दिवस का जिक्र करते हुए भोजन की बबार्दी न करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कई लोग दिनभर मेहनत के बाद भी समय पर भोजन नहीं कर पाते। कुछ लोगों को दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं होती। कार्यक्रम में रामकुमार गुप्ता, अभिषेक साहू, मनोज चौरसिया, प्रवीण मौर्य समेत निर्जला, सोनाली, काजल, खुशी, रितु, आस्था, आरुषि, आर्य, नैना, नैन्सी, अंशिका, वंशिका और परी उपस्थित रहे।




# बदलापुर से कांजुरमार्ग तक 38 किमी लंबी मेट्रो परियोजना देश की सबसे लंबी मेट्रो परियोजना होगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- किसन कथोरे के प्रयासों से स्थानीय जनता को लोकल ट्रेनों की भीड़भाड़ से मिलेगी मुक्ति।
- मेट्रो परियोजना पर कार्य 2026 में प्रारंभ होने की संभावना।
- बदलापुर और अंबरनाथ के विकास को मिलेगी नई उड़ान।



बदलापुर. बदलापुर से कांजुरमार्ग तक 38 किमी की दूरी तय करने वाली देश की सबसे लंबी मेट्रो परियोजना को सरकार की मंजूरी मिलने से बदलापुर के स्थानीय नागरिक अब हाई स्पीड मेट्रो का सफर कर सकेंगे और उन्हें लोकल की भारी भरकम भीड़ से निजात मिलने वाली है। इस मेट्रो परियोजना के लिए निविदा प्रकाशित कर दी गई है। बदलापुरकरों की मुंबई तक की यात्रा सुखमय हो जाएगी अब वो एक घंटे में शहर के केंद्र तक पहुंच जाएंगे। 2026 से इस परियोजना पर कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। बदलापुर से कांजुरमार्ग तक चलने वाली भारत की सबसे लम्बी मेट्रो लाइन परियोजना को मुम्बई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण द्वारा निजी भागीदारी के माध्यम से विकसित की जाएगी। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है और एम.एम.आर.डी.ए. ने इस महत्वपूर्ण कार्य को पांच वर्ष के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। उक्त जानकारी स्थानीय आमदार किसन कथोरे के कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता राजेंद्र घोरपड़े और भाजपा ठाणे जिला महासचिव संभाजी शिंदे ने संयुक्त बयान में प्रदान की है। उन्होंने कहा कि बदलापुर से कांजुरमार्ग तक चलने वाली मेट्रो परियोजना को महायुति की सरकार ने मंजूरी दे दी है जिससे बदलापुर और आसपास के लोगों को बहुत लाभ मिलने वाला है।

लगभग पांच लाख से अधिक जनसंख्या वाले बदलापुर शहर में लोकल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगभग दो लाख के आसपास है। पर्याप्त लोकल ट्रेनों की कमी से मुंबई तक का सफर जानलेवा बनता जा रहा है। रेलवे लाइनों की कमी से यह यात्रा अत्यंत दुरूह होती जा रही है ।इसका असर पर्यटन और व्यापार पर भी पड़ता है। नवीन लाइनों के विस्तार से ही इस समस्या का समाधान होगा। यद्यपि नवीन लाइनों पर कार्य चल रहा है। मेट्रो की इस परियोजना से स्थानीय नागरिकों की बहुत बड़ी समस्या का समाधान संभव है। इस मेट्रो परियोजना से प्रतिदिन सात लाख लोग सफर कर सकेंगे।



### 38 किमी लंबी मेट्रो लाइन के स्टेशन

यह मेट्रो ट्रेन बदलापुर, पालेगांव, अंबरनाथ, निलजे, शीलफाटा, महापे, घनसोली से होते हुए ठाणे की खड़ी पार करते हुए कांजुरमार्ग तक पहुंचेगी। इस संपूर्ण मार्ग में कुल 15 मेट्रो स्टेशन होंगे। इस नवीन मेट्रो परियोजना से बदलापुर निवासियों का दैनिक आवागमन आसान हो जाएगा। इस मेट्रो पर कुल 15 स्टेशन बनेंगे और यह मेट्रो बदलापुर को सीधे मुंबई से जोड़ देगी। इसके बनने से नवीन मुंबई, ठाणे और भिवंडी शहर बदलापुर शहर से जुड़ जाएंगे। इसके साथ ही बदलापुर से कांजुरमार्ग मेट्रो परियोजना-14 को अन्य मेट्रो परियोजनाओं से जोड़ा जाएगा। राजेंद्र घोरपड़े ने बताया कि मेट्रो के लिए निविदा जारी कर दी गई है और एमएमआरडीए की भागीदारी से परियोजना को पूरा करने के लिए निजी कंपनियों को शामिल किया गया है। कम्पनियों से निविदाएं मांगी गई है। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई है। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय आमदार किसन कथोरे ने इस मेट्रो परियोजना के लिए विशेष प्रयास किए हैं जो आज फलीभूत भी हो रहे हैं। ।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में रमेश सोलसे, अन्ना कुलकर्णी और अन्य उपस्थित थे।

# भारतीय किसान संघ की बैठक में बरिस्ता के मुखिया का सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ , जिले के विकासखंड मांधाता के ग्राम समिति बरिस्ता की बैठक जिला कार्यकारिणी सदस्य कमलेश कुमार सिंह के आवास बरियार पुर में हुई। भारतीय किसान संघ की बैठक में ग्राम समिति बरिस्ता के अच्छे किसान ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह( मुखिया ) को अच्छी खेती के लिए मंच द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम समिति अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह, ने किया। मंच द्वारा भारत माता, भगवान बलराम व दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत प्रचार प्रमुख डा.मान सिंह काशी प्रांत, जिला प्रभारी कौशांबी, जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेश प्रताप सिंह , जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ.भारत लाल गुप्ता , शशिकांत मिश्रा उपाध्यक्ष विकाश खंड मांधाता , रामजी गुप्ता जैविक प्रमुख विकासखंड मांधाता, बरिस्ता ग्राम समिति के मंत्री डॉ.कृष्ण प्रताप सिंह ( फौजदार ), हरिकेश सिंह , बबलू सिंह ,ग्राम प्रधान श्रवण कुमार गुप्ता , अशोक सिंह, ज्ञान सिंह , संदीप सिंह , मार्कण्डेय सिंह ,टी के सिंह ,चंडी सिंह ,अर्जुन सिंह आशुतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों के झगड़े में महिलाओं के दो गुट भिड़े

## शाहजहांपुर में गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद, दोनों पक्षों की 8 महिलाएं घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जिले के थाना जलालाबाद के गांव सुजावलपुर में बच्चों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामला गाली-गलौज से शुरू हुआ और दोनों पक्षों की महिलाएं घायल हो गईं। घटना में सुहानी और शिवानी की मां राजेश्वरी द्वारा गाली-गलौज करने पर रुचि ने उन्हें मना किया। इससे नाराज होकर दिनेश और वीरपाल लाठी-डंडे लेकर पीड़िता के घर में घुस गए। आरोपियों ने रुचि, उसकी बहन सीमा और मां ऊषा पर हमला कर दिया। पड़ोस की मालती को भी बचाव करने पर पीटा गया। दूसरे पक्ष से ममता, अमीता, सुमन, रुचि और सीमा ने मिलकर रामवती के घर पर हमला किया। चाकू और लात-घूंसों से किए गए हमले में रामवती, शिवानी, सुहानी और एक अन्य महिला घायल हुई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से कुल 8 महिलाएं इस घटना में घायल हुई हैं।

# दहेज के 15 लाख लेकर पत्नी को विदेश भेजा

## पुवायां में पति ने अपना वीजा कराया रद्द, परिवार ने दी जान से मारने की धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुवायां थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपनी बेटी के साथ हुई धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। रोशनपुर निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी हरप्रीत कौर की शादी 11 दिसंबर 2021 को लखीमपुर के मोथीखेड़ा निवासी अमनदीप से की थी।

शादी के बाद ससुराल वालों ने विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए की मांग की। पीड़ित पिता ने रुपए का इंतजाम करके दे दिया। इसके बाद ससुराल वालों ने हरप्रीत और अमनदीप का वीजा बनवाया। लेकिन बेटी को विदेश भेजने के बाद अमनदीप ने अपना वीजा रद्द करा लिया। आरोप है कि अमनदीप के परिवार ने धमकी दी कि अगर हरप्रीत वापस आई तो उसे जान से मार देंगे। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यकताओं ने 26 मई 2025 को पुवायां कोतवाली में ज्ञापन सौंपा था। थाना प्रभारी ने 31 मई 2025 तक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। कोई कार्रवाई न होने पर किसान यूनियन के कार्यकताओं ने कोतवाली परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। आरोपियों में अमनदीप के अलावा उसके पिता लखबीर सिंह, माता हरजिंदर कौर और बहन परविंदर कौर शामिल हैं।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष



- लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला, एक दर्जन से ज्यादा घायल, 21 पर केस दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र के रतनापुल गांव में दो पक्षों के बीच झड़प में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना 25 मई की रात करीब 8 बजे की है। पहले पक्ष के सुभाष चंद्र के अनुसार, वह अपने मकान के बाहर खड़े थे जब रोहित ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर रोहित और उसके परिवार ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में सुभाष के चाचा ओमकार, भाई जोगेंद्र, छोटे भाई रामलखन और चाची सुनीता समेत कई लोग घायल हुए। दूसरे पक्ष से रोहित का आरोप है कि गंगाचरण ने नशे में आकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन पर और उनके परिवार पर हमला किया गया। इस हमले में रोहित, रामकिशोर, अमित, श्यामू और राजकुमार घायल हुए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडे बरसाते दिख रहे हैं। कुछ घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाक आर्मी चीफ बोले- पानी पर कभी समझौता नहीं करेंगे

## मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकार से जुड़ा

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा है कि पानी का मुद्दा पाकिस्तान के लिए रेड लाइन है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकारों से जुड़ा है। मुनीर गुरुवार को अलग-अलग यूनिवर्सिटीज के चांसलर्स, प्रिंसिपल, सीनियर फैकल्टीज के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा, पाकिस्तान कभी भी भारत के वर्चस्व को स्वीकार नहीं करेगा। दूसरी तरफ मुनीर ने दावा किया कि बलूचिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों को भारत से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं, उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ गुरुवार को ताजिकिस्तान पहुंचे। यहां ताजिक प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा ने उनका



एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शरीफ आज ग्लेशियर्स को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। ताजिकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर शरीफ ताजिक राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन के साथ कई मुद्दों को लेकर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्किये, ईरान और अजरबैजान जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी देशों को भारत के साथ तनाव के वक्त समर्थन देने के लिए शुक्रिया कहा है। शरीफ के साथ आर्मी चीफ आसिम मुनीर, डिप्टी पीएम इशाक डाल, विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ और कई मंत्री भी पहुंचे हैं। शहबाज शरीफ ने बुधवार को कहा था कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए। शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही थी। यह एक हफ्ते में दूसरी बार था जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। शरीफ ने कहा कि उनकी सेना 10 मई को सुबह की नमाज के बाद हमला करने की तैयारी कर रही थी, लेकिन भारत ने उससे पहले ही ब्रह्मोस मिसाइल से रावलपिंडी एयरपोर्ट समेत पाकिस्तान के कई ठिकानों पर हमला कर दिया। रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस उन 11 मिलिट्री ठिकानों में से एक था, जिन्हें भारत ने निशाना बनाया था। पाकिस्तानी सेना के हेड ऑफिस से कुछ ही दूरी पर स्थित इस एयरबेस में लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस और इल्यूशिन आईएल-78 रिफ्यूलर जैसे मिलिट्री प्लेन मौजूद हैं। सैटेलाइट इमेजरी से पता चला कि कम से कम दो मिलिट्री प्लेन को नुकसान पहुंचा था। नूर खान के अलावा, भारत ने रफीकी, मुरीद, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियन में पाकिस्तानी मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों पर हमला करने के लिए सुखोई-30एमकेआई जेट से करीब 15 ब्रह्मोस मिसाइलें दागीं थी, जिसकी पुष्टि सैटेलाइट इमेज से भी हुई थी। तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा- हमें उम्मीद है कि भारत-पाक युद्धविराम स्थायी शांति में बदल जाएगा।

तुर्किये इसके लिए हर संभव योगदान देने को तैयार है। एर्दोगन ने कहा कि इलाके में हो रही घटनाएं दिखाती हैं कि हमारे देशों के बीच एकजुटता कितनी जरूरी है।

# ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल:हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

## ट्रेड कोर्ट ने टैरिफ को असंवैधानिक बताकर स्थायी रोक लगा दी थी

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका की फेडरल अपील कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ पर रोक वाले ट्रेड कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्थायी रोक लगा दी थी। इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन ने फेडरल सर्किट की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद निचली अदालत (ट्रेड कोर्ट) के आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी गई। यानी ट्रम्प का टैरिफ फिलहाल जारी रहेगा। इससे पहले बुधवार, 28 मई को मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट ऑफ



इंटरनेशनल ट्रेड के तीन जजों की बेंच ने टैरिफ पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ ये टैरिफ लगाया। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ निर्णय लेने का विशेष अधिकार देता है। लेकिन, ट्रम्प ने बिना ठोस कारण के इन पावर्स का इस्तेमाल किया। व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने गुरुवार को फॉक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि फेडरल कोर्ट के फैसले में कोई दम नहीं है, इसे आखिरकार पलट दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि टैरिफ के रास्ते हमने जो बिजनेस डील के लिए प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं, कोर्ट का यह फैसला उस रास्ते में बाधा नहीं बनेगा। टैरिफ पर फैसला देने वाले जज एक्टिविस्ट हैं। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत में दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई 2025 को हुए युद्धविराम को संभव बनाने के लिए टैरिफ शक्तियों का उपयोग किया। कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक ने कोर्ट में कहा कि ट्रम्प ने दोनों देशों को पूरी तरह युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका के साथ बिजनेस करने का प्रपोजल दिया, जिसके चलते युद्धविराम हुआ। हॉवर्ड कहा कि टैरिफ के खिलाफ फैसला भारत-पाकिस्तान के इस युद्धविराम को खत्म कर सकता है, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा और लाखों लोगों के जीवन को खतरा हो सकता है। हालांकि अमेरिकी कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन की दलील को खारिज करते हुए टैरिफ को अवैध ठहराया और कहा कि इसका भारत-पाकिस्तान युद्धविराम से इसका कोई लेनादेना नहीं है।

# हैप्पी पासियां समेत 5 गैंगस्टरों का रेड कॉर्नर नोटिस

## पंजाब पुलिस ने इंटरपोल से जारी कराया; बीकेआई आतंकी अमेरिका में एफबीआई की हिरासत में

एजेंसी

बटाला, पंजाब की बटाला पुलिस ने आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुहिम छेड़ी है और इंटरपोल से पांच कुख्यात गैंगस्टरों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस हासिल किया है। बब्बर खालसा के आतंकी और गैंगस्टर हैप्पी पासियां समेत 5 गैंगस्टरों पर विदेश में बैठकर अपने स्थानीय साथियों को बटाला और आसपास के इलाकों में आतंक और अराजकता फैलाने का निर्देश देने का आरोप है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में हुए बम धमाकों की घटनाओं में हैप्पी पासियां का नाम लगातार सामने आ रहा था। इतना ही नहीं हैप्पी पासियां लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट करके बम धमाकों की जिम्मेदारी भी ले रहा था। जिसके बाद बटाला पुलिस ने यह कदम उठाया है। हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां की बात करें तो उसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पहले ही जांच के दायरे में ले चुकी है। पुलिस ने हैप्पी पासियां के अलावा पवित्तर सिंह, हुशनदीप सिंह, शमशेर सिंह और हरि सिंह के खिलाफ ये कदम उठाया है। बटाला के एसएसपी सुहैल कासिम मीर का कहना है कि जांच में कई बातें सामने आई हैं। ये आरोपी अपने लोकल ऑपरेटिव को साथ जोड़ कर बम धमाकों, टारगेट किलिंग और फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।




जिले में बढ़ते अपराध, खासकर फिरौती से जुड़े मामलों को लेकर पुलिस ने दोहरा रणनीति अपनाई है- एक ओर विशेष टीमों का गठन कर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर फरार अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल से रेड-कॉर्नर नोटिस भी जारी करवाए जा रहे हैं। पिछले दिनों कई उद्योगपतियों को विदेशों से फिरौती की धमकी भरी कॉल्स मिली थीं, जिससे पुलिस सतर्क हो गई थी। इन कॉल्स का सीधा संबंध उन्हीं गैंगस्टरों से है जो विदेशों में बैठकर नेटवर्क चला रहे हैं। रेड-कॉर्नर नोटिस गिरफ्तारी वारंट नहीं होता, लेकिन यह इंटरपोल के सदस्य देशों को उस अपराधी की जानकारी और गिरफ्तारी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग का अनुरोध होता है। एसएसपी के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में जांच से यह सामने आया है कि स्थानीय स्तर पर ग्रेनेड हमले, टारगेट किलिंग और फायरिंग में शामिल लोग तो पकड़े जा रहे हैं, लेकिन इनके मास्टरमाइंड विदेशी ठिकानों से इन गतिविधियों को संचालित कर रहे हैं, जिन तक भारतीय एजेंसियों की पहुंच कठिन है। बीते महीने 17 अप्रैल को हैप्पी पासियां को अमेरिका में अरेस्ट कर लिया गया था। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने पासियां की गिरफ्तारी की फोटो शेयर की थी। फोटो के साथ लिखा था- भारत के पंजाब में हुए आतंकवादी हमलों के जिम्मेदार आतंकवादी हरप्रीत सिंह को सैक्रामेंटो में गिरफ्तार कर लिया है। इंटरनेशनल टेररिस्ट ग्रुपों से जुड़ा हरप्रीत अवैध रूप से अमेरिका में घुसा। पकड़े जाने से बचने के लिए बर्नर फोन का इस्तेमाल करता था। अमेरिकी एजेंसी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट ने उसे हिरासत में ले रखा है।

# खामनेई संग मीटिंग कर रहे थे मोहम्मद बिन सलमान के भाई

## तभी आया सऊदी किंग का ईरान के लिए चेतावनी वाला संदेशा

एजेंसी

क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के छोटे भाई सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान को अपने पिता किंग सलमान का एक संदेश मिला था, जिसे उन्होंने तेहरान में बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान ईरानी नेतृत्व को दिया। रोम में होने वाली अमेरिका-ईरान वार्ता से दो दिन पहले प्रिंस खालिद पिछले महीने तेहरान पहुंचे थे, जो दशकों में उनकी सबसे बड़ी यात्रा थी। इसके बाद उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली



खामेनेई और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की थी। सऊदी अरब के 89 वर्षीय राजा सलमान बिन अब्दुलअजीज ने अपने बेटे प्रिंस खालिद को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए चेतावनी का संदेश भेजा था। प्रिंस खालिद ने नेतृत्व को सूचित किया कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के परमाणु समझौते पर बातचीत करने के प्रस्ताव को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि इससे इजरायल के साथ युद्ध का जोखिम टल जाएगा। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी और विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने प्रिंस खालिद के साथ बंद कमरे में हुई बैठक में भाग लिया। सऊदी रक्षा मंत्री ने तर्क दिया कि गाजा और लेबनान पर इजरायल के हमले से त्रस्त यह क्षेत्र तनाव में और वृद्धि को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इससे पहले, शाही दरबार के करीबी सऊदी विश्लेषक अली अल-शिहाबी के हवाले से रिपोर्ट आई थी कि सऊदी ने तेहरान को संदेश भेजा है कि वह ईरान पर हमले के लिए किसी भी तरह का माध्यम नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रिंस खालिद ने नेतृत्व को सूचित किया कि सऊदी ने कूटनीतिक समाधान खोजने के ट्रम्प के प्रयासों का समर्थन किया है। सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं ने इस महीने की शुरूआत में अपने मध्य पूर्व दौरे के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कहा था कि वे ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सैन्य हमले का विरोध करते हैं।

# हमने रखी जिसकी नींव, वो गा रहे हैं उसके गीत, मोदी के कानपुर दौरे पर अखिलेश यादव का तंज



एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कानपुर दौरे को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अब भी पूर्ववर्ती सपा सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के ही फीते काट रही है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि अब तो कितने बरस भाजपा के शासनकाल के हैं बीते, फिर भी देखो सपा के ही कामों के ये काट रहे हैं फीते। सपा के काम, जनता के नाम :- पनकी तापीय विस्तार योजना, नेयवेली लिग्नाइट पावर प्लांट, कानपुर मेट्रो। अखिलेश यादव ने तंज सकते हुए कहा कि हमने रखी जिसकी नींव, वो गा रहे हैं उसके गीत। कानपुर में लाल इमली के बारे में भाजपा सरकार की कोई योजना है क्या? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की 15 वृहद विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मोदी ने चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के नये भूमिगत खंड का उद्घाटन किया। इस खंड में पांच नये भूमिगत स्टेशन- चुन्नीगंज, बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट, नयागंज और

**अखिलेश यादव ने तंज सकते हुए कहा कि हमने रखी जिसकी नींव, वो गा रहे हैं उसके गीत। कानपुर में लाल इमली के बारे में भाजपा सरकार की कोई योजना है क्या? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की 15 वृहद विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।**

कानपुर सेंट्रल शामिल हैं। कानपुर मेट्रो के इस विस्तार के साथ लाल इमली, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीन पार्क स्टेडियम, परेड ग्राउंड, बुक मार्केट और सोमदत्त प्लाजा जैसे महत्वपूर्ण स्थल इस मेट्रो से सीधे जुड़ जाएंगे। एक बयान के मुताबिक, वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-कानपुर से मोतीझील तक नौ स्टेशन परिचालन में हैं। इस नये खंड से शहर में मेट्रो से यात्रा अधिक सुविधाजनक, तेज और सुरक्षित हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने घाटमपुर में 660 मेगावाट की बिजली इकाई और पनकी में एक तापीय बिजली परियोजना का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के लिए स्थिर तथा पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, पनकी ऊर्जा संयंत्र से कल्याणपुर तक दो नये रेलवे पुलों का भी उद्घाटन किया गया।

# अगर नौसेना ने ऑपरेशन सिंदूर में कार्रवाई की होती तो पाकिस्तान चार हिस्सों में बंट सकता था: राजनाथ सिंह

**ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि भारत अब सहन नहीं करता, जवाब देता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने गलती की तो फिर एक्शन लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई देता हूं।**



एजेंसी

पणजीः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज मुझे कठर विक्रांत पर अपने नौसैनिकों के बीच आकर बहुत खुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव कठर विक्रांत पर खड़ा होता हूँ, तो मुझे खुशी के साथ-साथ गर्व और विश्वास भी होता है कि जब तक देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक कोई भी भारत को शक की नजर से नहीं देख सकता। विक्रांत का मतलब है - अदम्य साहस, और अजेय शक्ति... आपकी आँखों में जो दृढ़ संकल्प है, वही भारत की असली ताकत को दर्शाता है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि भारत अब सहन नहीं करता, जवाब देता है।

# जस्टिस अंजारिया, बिश्नोई, चंदुरकर ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

**केंद्र ने कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए तीन हाई कोर्ट के जजों के नाम की सिफारिश के तीन दिन बाद अपना निर्णय अधिसूचित किया, जिसे सीजेआई गवई के कार्यकाल की सकारात्मक शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने 14 मई को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी.**



एजेंसी

नई दिल्लीः भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एन वी अंजारिया, विजय बिश्नोई और ए एस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में पद की शपथ दिलाई. न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जोज की संख्या 34 हो जाएगी

# मुंह खुला ही नहीं... पीएम मादीपर तेजस्वी का पलटवार

## बोले- बिहारी इस तरह के झांसे में नहीं आते

**तेजस्वी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में 20 वर्षों की एनडीए सरकार द्वारा दिया हुआ रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी, गरीबी और पलायन है। नीति आयोग के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बिहार सबसे फिसड्डी है।**

एजेंसी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने हाल ही में अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान बिहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर चुप्पी साधे रखी, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वास्थ्य भी शामिल है। पूर्व उपमुख्यमंत्री, जो कोलकाता में हैं, जहां उनकी पत्नी ने इस सप्ताह की शुरूआत में अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया, ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी आलोचना व्यक्त



की। तेजस्वी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में 20 वर्षों की एनडीए सरकार द्वारा दिया हुआ रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी, गरीबी और पलायन है। नीति आयोग के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बिहार सबसे फिसड्डी है। विधि व्यवस्था सबसे बदतर है। बिहार की प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति निवेश देश में सबसे कम है। विकास और प्रगति के अधिकांश मानकों में देश में बिहार सबसे नीचे है लेकिन बिहार की 20 वर्षों की ठऊअ सरकार और 11 वर्षों की केंद्र सरकार जनहित के इन ज्वलंत मुद्दों पर कभी चर्चा ही नहीं करती एयर ना ही करना चाहती है। राजद नेता ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री जी केवल चुनावी वर्ष में बिहार का दौरा कर 2015 से चलती आ रही परियोजनाओं एवं घोषणाओं का अनेकों बार शिलान्यास और उद्घाटन कर उसी को बारंबार दोहराते रहते है। 2015 से यही सिलसिला चलता आ रहा है। प्रधानमंत्री जी, यह बिहार है, बिहारी इस तरह के झाँसे में नहीं आते ! वो अच्छे से जानते है कि कौन कितना झूठ बोल रहा है ? चेहरे पर मास्क लगाए प्रधानमंत्री की एक तस्वीर साझा करते हुए यादव ने कैप्शन में लिखा, मुंह खुला ही नहीं।रुप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के काराकाट में एक जनसभा के दौरान राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में एक समय जंगल राज था, जहां गरीबों के अधिकारों को कुचला जाता था और शक्तिहीन लोगों से जमीन छीन ली जाती थी। मोदी ने कहा कि पहले लोगों की जमीन छीन ली जाती थी।

गरीबों से उनके अधिकार छीन लिए जाते थे। जंगल राज ने बिहार में जीवन को असहनीय बना दिया था। उन्होंने लालू प्रसाद के कार्यकाल की यादों को ताजा करते हुए एनडीए सरकार के कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने की तुलना की।

**मध्य रेलवे**

**शुद्धिपत्र क्रमांक 2**

**निविदा क्रमांकः सीआर-बीबी-टेली-सीआर-बीबी टेली-2025-19. निविदा क्रमांक सीआर-बीबी टेली-2025-19** के लिए शुद्धिपत्र क्रमांक 2 जारी किया गया है.

**निविदा रद्द कर दी गई है.**

विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है. शेष सभी अन्य नियम और शर्तें यथावत रहेंगी.

**यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15/06/2017 का पालन करती है. कृते डीआरएम (एस एंड टी) सीएसएमटी** Sai/128

**रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है**

**पश्चिम रेलवे**

**आपूर्ति और स्थापना कार्य**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरेज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-13 द्वारा, **निविदा सूचना क्रमांकः डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-588809आरटी दिनांक 27.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम और उसका स्थानः** "एलएचबी कोचेस में बायो-रिटेंशन टैंकों की माउंटिंग के लिए एसएस जे-ब्रैकेट्स की आपूर्ति और स्थापना". **अनुमानित लागतः** रु. 19,97,890.40. **ईएमडीः** रु. 40,000/-. **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 18.06.2025 को 15:00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि और समयः** 18.06.2025 को 15:30 बजे. बोली फॉर्म और अन्य विवरण जैसे कि शुद्धिपत्र **www.ireps.gov.in** वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं. 0207

Like us on : facebook.com/WesternRly

## संक्षेप

### जेल का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**बैरक, मेस और अस्पताल की जांच, एक-एक कैदियों से सुनी उनकी समस्याएं**

सुलतानपुर, जिला कारागार में जिलाधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने महिला और पुरुष बंदियों के अस्पताल और बैरकों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मेस में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही जेल परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। बीमार कैदियों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कैदियों से एक-एक कर मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जेल अधिकारियों को कैदियों से मिलने आने वाले लोगों को सुविधा देने और कैदियों की सुरक्षा में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

### महादेवपुर चौराहे पर शरबत वितरण का आयोजन

**गर्मी में राहगीरों को राहत, सैकडों लोग शरबत पीए**

सुलतानपुर, महादेवपुर चौराहे पर गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र के समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिव शंकर शुक्ला, विजय शुक्ला( हरिओम मेडिकल स्टोर), ओम प्रकाश शुक्ला ( सीटीआई अनुदेशक )और ओम प्रकाश उपाध्याय( पूर्व प्रधान) समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। समर बहादुर, ददन सिंह, कामता पांडे और आत्माराम पांडे ने भी अपनी सहभागिता दी। पंकज शर्मा, दूधनाथ पाल, मुंशी पाल और रोहित शुक्ला भी इस अवसर पर उपस्थित थे। महिला प्रतिभागियों में दीक्षा शुक्ला, साक्षी शुक्ला, दिव्यांशी शुक्ला, प्रीति शुक्ला, ज्योति शुक्ला और प्रिया शुक्ला ने योगदान दिया। अमन, अर्पित हिमांशु, दुखहरण पांडे और देव कुमार शुक्ला भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। राहगीरों को शीतल और मीठा शरबत पिलाया गया।

### लोहांगी में किसान प्रशिक्षण

**वैज्ञानिकों ने आधुनिक खेती के तरीके बताएं, उन्नक कृषि पद्धतियां बताई**

सुलतानपुर, ग्राम लोहगी के ब्लॉक मुख्यालय सभागार में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी डॉ. शशांक शेखर सिंह, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र बरासिन, मोहम्मद जुबेर (एडीओ), सत्येंद्र मिश्रा (अपर जिला कृषि अधिकारी) ओंकारनाथ (एटीएम), प्रदीप (बीटीएम), चंद्रभान (टीएसी), मुकेश मौर्या (टीएसी) उदय प्रताप सिंह (कृषि रक्षा प्रभारी )नरेश सिंह (एटीएम) और अनिल कुमार मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान:सिविल लाइंस में निगम ने हटाए अवैध कब्जे

## गुमटियां और बोर्ड जब्त; जेसीबी से तोड़े निर्माण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, नगर निगम ने सिविल लाइंस इलाके में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह कार्रवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संभावित दौरे से पहले की गई। नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा के निर्देश पर चली इस कार्रवाई में पैदल पथों और सड़कों से अवैध कब्जे हटाए गए। अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में चले अभियान में भारी पुलिस बल तैनात रहा। निगम की टीम ने सड़क किनारे की अवैध गुमटियां हटाईं। दुकानों के बाहर लगे अतिक्रमित बोर्ड और फुटपाथ पर टंगी चिमकियां जब्त की गईं। जेसीबी से कई अवैध निर्माण भी गिराए गए। मौके पर ही कई दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों से जुमार्ना वसूला गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में कोई भी अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई न केवल शहर के सौंदर्यीकरण के लिए है, बल्कि कानून-व्यवस्था और यातायात सुधार के लिए भी जरूरी है। स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही। कुछ ने इस कदम का स्वागत किया। वहीं कुछ व्यापारियों ने अचानक हुई कार्रवाई पर नाराजगी जताई।

### कोरांव तहसील में लेखपालों की मनमानी पर विवाद खत्म

**तहसीलदार ने 10 दिन में समस्या समाधान का दिया आश्वासन, अधिवक्ताओं ने खत्म की हड़ताल**

प्रयागराज , कोरांव तहसील में लेखपालों की मनमानी और अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार का मामला सुलझ गया है। तहसीलदार विनोद बरनवाल के आश्वासन पर अधिवक्ताओं ने चार दिन की भूख हड़ताल समाप्त कर दी। अधिवक्ता श्यामाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में चल रही हड़ताल में मुख्य मांग स्थानीय लेखपालों का स्थानांतरण थी। तहसीलदार ने अधिवक्ताओं के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने 10 दिन के भीतर सभी मुद्दों के समाधान का वादा किया। इसी बीच, एक अलग घटना में 19 मई को लेखपाल कक्ष में हुई अभद्रता का मामला भी सुलझ गया। टीकर गांव के नरेंद्र सिंह द्वारा लेखपाल से मारपीट और सरकारी दस्तावेज फाड़ने की घटना में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली।

# बॉयफ्रेंड से बात करते हुए युवती ने लगाई फांसी

## युवक की सूचना पर पहुंची पुलिस, कमरे से सुसाइड नोट नहीं मिला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक दुकान में काम करने वाली युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना कसारी-मसारी जीटीबी नगर स्थित एक किराए के कमरे में हुई। मृतका की पहचान शहनाज पुत्री मोहम्मद बन्ने के रूप में हुई है। वह मोहम्मद फैज के मकान में किराए पर रहती थी। घटना के समय शहनाज अपने बॉयफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात कर रही थी। बातचीत के दौरान ही उसने अचानक फंदा बनाया और लटक गई। बॉयफ्रेंड ने जब कई बार कॉल किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। उस समय युवती फंदे पर लटकी हुई थी। राजरूपुर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# बिना नोटिस अतिक्रमण हटाया, गुमटियां तोड़ीं

**सामान सड़क पर फेंका; व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी नगर पंचायत द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान ने विवाद का रूप ले लिया है। नगर पंचायत की टीम ने बिना पूर्व नोटिस दिए अंबेडकर तिराहे पर कार्रवाई की। पहुंची टीम ने बुलडोजर से कई गुमटियों को तोड़ दिया। व्यापारियों के सामान को सड़क पर फेंक दिया गया। व्यापारियों ने समय मांगा ताकि वे अपना सामान हटा सकें, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। कुछ व्यवसायियों का आरोप है कि केवल चुनिंदा दुकानों को ही निशाना बनाया गया। नालियों पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया। इस कार्रवाई से नाराज व्यापारियों ने नगर पंचायत पर तानाशाही का आरोप लगाया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया।

# महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में लोकमाता अहिल्याबाई को किया याद

## दिलीप पटेल बोले- सादगी से जीवन जीने वाली शासिका ने किया था समाज का कल्याण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, नगर पालिका परिसर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि अहिल्याबाई एक न्यायप्रिय शासिका थीं। वे शिव की भक्त थीं और राजमहल में भी सादगी से जीवन व्यतीत करती थीं। दिलीप पटेल ने बताया कि अहिल्याबाई प्रतिदिन प्रजा की समस्याएं सुनती थीं। उन्होंने देश की सनातन संस्कृति का गौरव पुनर्स्थापित किया। प्रधानमंत्री मोदी उसी विरासत को मजबूत कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और रामेश्वर समेत कई मंदिरों का पुनरोद्धार अहिल्याबाई की देन है। क्षेत्रीय काशी क्षेत्र सदस्य गीता बिन्द ने बताया कि लोकमाता ने किसानों, नौजवानों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने उन्हें महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का लोकमाता अहिल्यादेवी का चित्र देकर स्वागत किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 महिलाओं और 5 सफाई कर्मियों को पीपी किट देकर सम्मानित किया गया।

# महेशपुर में कंस वध कथा का आयोजन



**अयोध्या से आई कथावाचिका राजनंदिनी ने सुनाई श्रीकृष्ण की लीला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, महेशपुर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्रीधाम अयोध्या से पधारीं कथावाचिका देवी राजनंदिनी ने कंस वध एवं कारागार से मुक्ति की कथा का वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति का भाव जागृत हुआ। परिसर जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में शिवम मिश्रा, कृष्ण कुमार मिश्रा और राजेश प्रसाद मिश्रा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कुलदीप मिश्रा, अविनाश मिश्रा और अवकाश मिश्रा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। विकास मिश्रा, शक्ति ओम, शुभम और सत्यम भी मौजूद रहे। अनिल मिश्रा, जगजीवन मिश्रा, काशी प्रसाद मिश्रा, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, जयप्रकाश सिंह और अमित तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का लाभ लिया।

# ग्राम समाज की चारागाह भूमि पर अवैध कटान

## बिना अनुमति यूकेलिप्टस के पेड़ काटे गए, एसडीएम ने जांच के दिए आदेश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, तिलोई तहसील क्षेत्र में ग्राम पूरे अहीरन मजरा कोची में ग्राम समाज की चारागाह भूमि का मामला सामने आया है। कुछ ग्रामीणों ने अवैध रूप से भूमि पर कब्जा कर खेती-बाड़ी की और पेड़ों की कटाई कर दी। बाबूलाल और राजू (दोनों देवता के पुत्र) तथा शिवनरायण (पूवीर्दीन के पुत्र) ने चारागाह की भूमि पर कब्जा कर यूकेलिप्टस के पेड़ लगा रखे थे। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम अमित सिंह से की थी।

शिकायत पर एसडीएम ने लेखपाल और राजस्व टीम को मौके पर भेजा। जांच में पुष्टि हुई कि यह भूमि ग्राम सभा की चारागाह भूमि है। टीम ने कब्जेदारों को नोटिस जारी कर कब्जा छोड़ने और फसल न बोने का निर्देश दिया। नोटिस के बावजूद आरोपितों ने पेड़ों को लकड़ी ठेकेदार को बेच दिया। सुबह से पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने फोन कर एसडीएम को इसकी सूचना दी। एसडीएम अमित सिंह ने बताया कि हल्का लेखपाल वेद प्रकाश मिश्रा को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बिना सूचना स्कूल से गायब मिले 40 शिक्षक

## अलीगढ़ में टॉस्क फोर्स ने किया निरीक्षण, बीएसए ने जारी किया नोटिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की लापरवाही का आलम लगातार जारी है। जिले के विद्यालयों की व्यवस्थाओं को जांचने के लिए शिक्षा और प्रशासन के अधिकारियों ने बेसिक स्कूलों का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान दर्जनों शिक्षक बिना सूचना के स्कूल से गायब मिले। जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपी दी। जिसके बाद सभी शिक्षकों को नोटिस जारी किए गए हैं। इन सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है और तत्काल जवाब देने क निर्देश दिए हैं। जिसके बाद आरोपी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं अन्य शिक्षकों के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं कि वह बिल्कुल भी लापरवाही न करें। लापरवाही करने वाले शिक्षकों में दो हेडमास्टर, 15 सहायक शिक्षक, 19 शिक्षामित्र और 4 अनुदेशक शामिल हैं, जो बिना सूचना के स्कूल से अनुपस्थित मिले थे। इन सभी को तीन दिन के अंदर अपना स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। रजनी भारती शिक्षामित्र, राधा कुमारी सहायक शिक्षक, मिथिलेश यादव शिक्षामित्र, हृदेश कुमार अनुदेशक, बबिता अनुदेशक, ललित कुमार यादव अनुदेशक, मनोज कुमार शिक्षा मित्र, राजेश कुमार शर्मा शिक्षामित्र, विजय कुमारी शिक्षामित्र, वंदना त्रिपाठी शिक्षामित्र, सुनील मिश्रा सहायक शिक्षक, संदीप कुमार शर्मा सहायक शिक्षक, मनीषा सहायक शिक्षक, रिंकल सिंह शिक्षामित्र, अल्का त्रिपाठी सहायक शिक्षक, दीप माला सहायक शिक्षक, सपना सिंह अनुदेशक, पीयूष कुमार शर्मा सहायक शिक्षक, अर्चना सिंह सहायक शिक्षक, दीप्ति दुबे सहायक शिक्षक, गुंजन गुप्ता सहायक शिक्षक, सुनील कुमार सहायक शिक्षक, अमित कुमार राहुल सहायक शिक्षक, हेमलता शिक्षा मित्र, हरि शंकर अग्रवाल शिक्षामित्र, रवेंद्र पाल सिंह शिक्षामित्र, सरोज लता हेडमास्टर, उदित शर्मा सहायक शिक्षक, नीलम कुमारी शिक्षामित्र, रामवती शिक्षामित्र, प्रवीण कुमार सिंह हेडमास्टर, राधा चरण शिक्षामित्र, रीना राघव शिक्षामित्र, राम निवास शर्मा शिक्षामित्र, हरेंद्र कुमार सहायक शिक्षक, शालिनी सहायक शिक्षक, संदीप कुमार शिक्षामित्र, शैलेंद्र सिंह शिक्षामित्र, हरवीर सिंह शिक्षामित्र और कमलेश शिक्षामित्र को नोटिस जारी किया गया है।

# गोस्वामियों को मनाने बांके बिहारी मंदिर पहुंचे अधिकारी

## सेवायतों से कहा आपसी सामंजस्य बनाएं, पुजारी बोले अध्यादेश और कॉरिडोर किसी कीमत पर मंजूर नहीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, बांके बिहारी कॉरिडोर और मंदिर न्यास बनाने के लिए लाए गए अध्यादेश के चल रहे विरोध के बीच प्रशासन और पुलिस के अधिकारी बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। अधिकारियों ने मंदिर के गोस्वामियों के साथ बैठक की और उनसे आपसी तालमेल बनाने की बात कही। करीब एक घंटे तक चली मीटिंग के बाद मंदिर के पुजारियों ने कहा कि उनको अध्यादेश और कॉरिडोर किसी कीमत पर मंजूर नहीं है। कमिश्नर आगरा शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश पांडे, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश सहित तमाम प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों का दल बांके बिहारी मंदिर पहुंचा। जहां अधिकारियों ने पहले भगवान बांके बिहारी के दर्शन किए उसके बाद मंदिर के पुजारियों के साथ मीटिंग की। दर्शन के बाद कमिश्नर ,डीआईजी, डीएम, एसएसपी सभी मंदिर परिसर में ही गोस्वामियों के साथ मीटिंग करने बैठ गए। करीब एक घंटे तक अधिकारियों ने गोस्वामियों को मनाने का प्रयास किया। कॉरिडोर और अध्यादेश के फायदे बताए लेकिन गोस्वामियों ने किसी भी बात को मानने से इनकार कर दिया। कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कुछ इंतजाम किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि सभी पक्षों को सुना जाए।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक

## शिक्षकों की 9 मांगों पर दिया ज्ञापन, बीएसए ने दिया आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उपेन्द्र गुप्ता और वित्त एवं लेखाधिकारी अमित मोहन मिश्रा से मिले। प्रांतीय उपाध्यक्ष मालती सिंह के नेतृत्व में विकास क्षेत्र लंभुआ, जयसिंहपुर, बल्दीराय कुड़वार और कूरेभार के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए। बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने चयन वेतनमान के मुद्दे को लेकर उच्चाधिकारियों से बातचीत करने और जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, आधार कार्ड प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सीडीओ से भी चर्चा की जाएगी। शिक्षक और शिक्षामित्रों के पेंशन विकल्प पत्र के मामले को भी उच्चाधिकारियों के सामने रखा जाएगा ताकि इसका समाधान निकाला जा सके। बैठक में बताया गया कि शिक्षकों के सत्यापन की प्रक्रिया फिलहाल जारी है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एसोसिएशन का कार्यक्रम

## मऊ में वरिष्ठ पत्रकार बोले- समाज में विश्वसनीयता बनाए रखना हमारा दायित्व

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार एसोसिएशन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीश मिश्र ने कहा कि समाचार पत्र जनता के बीच विश्वास का प्रतीक हैं। उन्होंने पत्रकारों से विश्वसनीयता बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। संयोजक रमन पांडेय ने स्वागत भाषण में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने पत्रकारों के शोषण और प्रभावशाली लोगों के दबाव को पत्रकारिता के लिए बड़ा संकट बताया। पत्रकार अंजनी मिश्र ने वर्तमान समय में पत्रकारों के संघर्ष को रेखांकित किया। विकास शुक्ल ने कहा कि पत्रकारिता में शब्दों का चयन बड़ी जिम्मेदारी है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुंबई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी